# मंहगाई और बेराजगारी के विरोध में कांग्रसियों ने प्रदर्शन कर गिरफ्तारियां दी



उपखंड अधिकारी कार्यलय के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी करते कांग्रेसी।

■ केन्द्र सरकार पर संवैधनिक संस्थाओं के दुरूपयोग का लगाया आरोप

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। देश में बढ रही मंहगाई व बेराजगारी का विरोध जताते हुए व केन्द्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर क्षेत्र के सैंकडों कांग्रेसियों ने उपखंड अधिकारी कार्यलय के सामने प्रदर्शन कर नमकर नारे बाजी की किया विरोध प्रदर्शन एवं दी गिरफ्तारी

किसान कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष भगत सिंह डागुर ने बताया कि पूरे देश में व्याप्त महंगाई बेरोजगारी और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एसडीएम कार्यालय के सामने निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू व नगर परिषद हिंडौन के सभापति बृजेश कुमार जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस की ओर से धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू एवं सभापति बृजेश कुमार जाटव ने कहा कि देश में बेतहाशा महंगाई बढ़ रही है, खाने पीने की चीजों पर भी जीएसटी लगा दी गई है। किसानों के जो संयंत्र हैं जो किसानों के खेती के काम आने वाले उपकरण हैं उन पर भी काफी ज्यादा जीएसटी लगा दी गई है। इस विरोध प्रदर्शन से हम सरकार को जगाना चाहते हैं कि ये गूंगी बहरी सरकार समय रहते होश में आए नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। हम सरकार से मांग करते हैं कि जो भी महंगाई देश में बेतहाशा बढ़ रही है। सरकार उसे काबू में करें और आम जनता को राहत प्रदान करें।

सरकार का मतलब आमजन के हित के लिए लोक कल्याणकारी नीतियां बनाने का होता है । जबकि यह केंद्र की बीजेपी सरकार कुछ चंद उद्योगपतियों और अपने स्वयं के फायदे की नीतियां बना रही है। निवर्तमान हिंडौन देहात ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी एवं पंचायत समिति हिंडौन के प्रधान विनोद कुमार जाटव ने कहा कि 2014 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात की थी। उन्होंने कहा कि दो करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार देने की तो बात बहुत दूर हैं, करोड़ों रोजगार छीन लिए और उन्होंने जीएसटी नोटबंदी जैसी योजनाएं आधी अधूरी तैयारी से आधी रात को योजना लागू करके आम जनता की कमर तोड़ दी है । उद्योगपतियों को ही बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर नगर परिषद हिंडौन के उपसभापति लेखेन्द्र सिंह चौधरी, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष नरेश गुर्जर, पूर्व नगर अध्यक्ष नरेश पाराशर, निवर्तमान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत सिंह डागुर, राजीव शुक्ला, सेवादल प्रदेश सचिव रविंद्र बेनीवाल,निवर्तमान सेवादल जिलाध्यक्ष योगेंद्र मावई, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवीशा दत्तात्रेय, पूर्व पार्षद गोपेन्द्र पावटा, जगदीश प्रसाद शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा एडवोकेट, दिगंबर चतुर्वेदी, दिनेश चंद्र शर्मा ने विरोध प्रदर्शन किया।

## तिरंगा रैली निकाली

**सूरौठ,** (नि.सं.)। आजादी के 75 वी वर्ष गांठ पर आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय सूरौठ के द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली विद्यालय समिति अध्यक्ष रमेश जिंदल अमर सिंह मीणा व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य खुशराज देशवाल व अध्यापक निरंजन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए रैली निकाली गई रैली को कस्बे के गांधी स्मारक खेल मैदान के पास पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत थाना प्रभारी सैयद शरीफ अली ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना रैली कस्बे के गांधी स्मारक चौराहे पर होते हुए मैन मार्केट पुलिस चौकी मस्जिद चौराहे सब्जी मंडी व गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे होते हुए गैस एजेंसी कार्यालय महात्मा गांधी विद्यालय होते हुए वापस आदर्श विद्यालय परिसर पहुंची तिरंगा रैली के आगे विहालय स्टाफ कर्मियों के साथ साथ पुलिस के जवान व कमेटी सदस्य इस मौके पर उपस्थित रहे व रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने तिरंगा हाथ में लेकर भारत माता के जयकारों के साथ रैली निकाली गई स्थानीय प्रधानाध्यापक खुशराज देशवाल ,विद्यालय व्यवस्थापक नारायण सिंघल, एवं सदस्य राजेश सिंघल अमर सिंह मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हर घर तिरंगा योजना के तहत कस्बे में शुक्रवार को तिरंगा रैली निकाली गई।

# मासलपुर में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया

■ मकान तोड़ने की कार्यवाही पर महिलाएं जेसीबी के आगे आ गईं

■ पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया

**मासलपुर,** (निसं)। मासलपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुक्रवार को शुरू हुई। राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाही कर कच्चे एवं अर्ध निर्मित पक्के अवैध कार्यो पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

प्रशासन की अतिक्रमण के विरुद्ध चलने वाली मुहिम की जानकारी से प्रातः 9 बजे लोगों की मासलपुर तहसील कार्यालय के सामने भीड़ जुट गई प्रशासन द्वारा बाजार से रूधपुरा बस स्टैंड को जाने वाले मुख्य रास्ते के अंतिम छोर से अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्यवाही शुरू की जिस पर शुरू में ही प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ा कच्चे पक्के मकान तोडे जाने की कार्यवाही पर महिलाएं जेसीबी मशीनों के आगे आ गई। ग्राम पंचायत सरपंच शिवानी लवानिया ने भी पक्के मकान तोड़े जाने की कार्यवाही का विरोध किया सरपंच ने तहसील प्रशासन पर अवैध निर्माण शुरू होने पर ही रोके नहीं जाने का आरोप लगाया विरोध में हंगामे के चलते एक बार तो अतिक्रमण तोड़े जाने की कार्यवाही बन्द हो गई। मगर उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा द्वारा पुनः अतिक्रमण तोडे जाने की कार्यवाही शुरू कराई गई। इस बीच पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ लोगों को शांति भंग के आरोप में हिरासत में भी ले लिया गया।

दिनभर अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्यवाही कस्बे सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही कस्बे के हरिजन मोहल्ले सहित आसपास में भी अतिक्रमण ध्वस्त किए गए मासलपुर तहसीलदार दिनेश शर्मा ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगामी दिनों तक चलने की जानकारी दी अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा, तहसीलदार सहित मासलपुर थाना अधिकारी पुरुषोत्तम सिंह के अलावा भारी संख्या में पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

# आठ सूत्रीय मांगें नहीं माने जाने तक किया पूर्णत: कार्य बहिष्कार



अधिकारी को कलश सौंपकर पूर्ण कार्य बहिष्कार करते ग्राम विकास अधिकारी।

**भुसावर,** (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा भुसावर के सदस्यों द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही नही कर सरकार द्वारा वादा खिलाफी करने के विरोध में चलाये जा रहे अभियान के तहत आगामी आदेशों तक पूर्णतः कलम बन्द असहयोग आन्दोलन के साथ सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार कर दिया है। जहां ग्राम विकास अधिकारियों ने कलम एवं रिकॉर्ड की चाबी को एक कलश में रखकर अधिकारी को सौंप दिया।

ग्राम विकास अधिकारी एवं संघ के जिला प्रतिनिधि संजय मीणा ने बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर के पदाधिकारियों के निर्देशानुसार उपशाखा भुसावर द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार द्वारा की गई वायदा खिलाफी के लिए अभियान चलाकर सोयी हुई सरकार को जगाने का कार्य किया जा रहा है। उसी के तहत संगठन के आगामी आदेशों तक संविधान की शपथ लेते हुए राजकीय कार्यो में पूर्णतः असहयोग करते हुए प्रदत्त दायित्वों का किसी भी प्रकार का निर्वहन नही करने का संकल्प लिया। जन्म मृत्यु पंजीयन से लेकर भुगतान आदि तक का कोई कार्य निष्पादित नही करने की बात कही। वहीं ग्राम विकास अधिकारियों ने कलम और रिकॉर्ड की चाबियों को अधिकारी को सुपुर्द कर प्रदेश नेतृत्व के आगामी निर्देशों तक वापिस नही लेने की बात कही है।

उन्होने बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मंत्री के हस्ताक्षर हुए समझौते को लागू नही कर ग्राम विकास अधिकारियों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। जिससे ग्राम विकास अधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रशासन गांव के संग अभियान 2021 के दौरान आंदोलनरत ग्राम विकास अधिकारी संघ से किये गये समझौते में सकारात्मक आदेश जारी करने का पूर्व आश्वासन दिया था।

## अवैध स्मैक ले जाते एक गिरफ्तार

**कैलादेवी,** (निसं)। कैलादेवी थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से स्मैक ले जाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 लाख 80 हजार रुपए का मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ स्मैक के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन फ्लैश आउट के तहत कैलादेवी थाना अधिकारी ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 19.16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब 1 लाख 80 हजार रुपये है को जप्त कर लिया है। कैलादेवी थाना अधिकारी निरंजन कुमार ने बताया कि थाने से रवाना होकर गस्त व अवैध कार्य चैकिंग करते हुए कैला गांव में पहुंचे जहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे तत्परता दिखाते हुए घर पकड़ा और भागने का कारण पूछा तो वो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। उन्होंने बताया कि उसकी ली गई तलाशी में उसके कब्जे से 19.16 ग्राम स्मैक जिसकी कीमत 1 लाख 80 हजार रुपये है को जप्त कर लिया है उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम करण मीना उर्फ लंगड़ा पुत्र मदन लाल मीणा निवासी कैलादेवी है।

# बाबा विजयदास की दु:खद मृत्यु पर गंदी राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण: विश्वेन्द्र सिंह

**भरतपुर,** (निस)। भरतपुर में कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने पसोपा में संत विजयदास महाराज की आत्मदाह के मामले में भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि भाजपा संत की आत्मदाह के मामले में राजनीति कर रही है।

कैबिनेट मंत्री विष्वेन्द्र सिंह ने षुक्रवार को संभागीय आयुक्त सभागार में पूर्व सासंद पण्डित रामकिषन, सम्भागीय आयुक्त साँवरमल वर्मा, भरतपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर आलोक रंजन की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह षेखावत पर निषाना साधते हुए कहा कि मानेसर घटनाक्रम में मेरा व उनका कोई संवाद नहीं हुआ जिसके लिए मैं वॉयस सेम्पल देने के लिए तैयार हूं लेकिन गजेन्द्र सिंह षेखावत वॉयस सेम्पल देने से क्यों डर रहे है। चार बार उनको सेम्पल देने के लिए बुलाया गया था लेकिन वह देना नहीं चाहते है। उन्होनें कहा कि भाजपा के प्रदेष अध्यक्ष सतीष पूनिया का मानसिक संतुलन बिगड चुका है। पूनिया का यह कहना कि 70 साल के बाद रिटायरमेंट ले लेना चाहिए बिल्कुल भी उचित नहीं है। पूनिया को याद रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे भी 70 साल की आयु पार कर चुके है। उन्होंने प्रेस



मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने संभागीय आयुक्त सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पसोपा में संत विजयदास के आत्मदाह मामले में भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

वार्ता के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. षैलेष सिंह पर भी प्रहार करते हुए हिदायत दी कि अपने सोषल मीडिया पर संयम बरते।

उन्होंने कहा कि वे अभी राजनीति में बच्चे हैं। खरा सिक्का बनने के लिए अच्छे प्रयास करें। उन्होंने कहा कि डॉ. षैलेष सिह के पिता डॉ. दिगम्बर सिंह व राजेन्द्र राठौड़ से उनकी राजनैतिक प्रतिद्वन्दिता रही है। लेकिन उनके बीच में कभी भी अष्लील टिप्पणी व अषोभनीय बयानबाजी नहीं हुई। भाजपा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को 550 दिन बाद संतो के आंदोलन की याद आई। इतने दिन भाजपा के नेता कहां सो रहे थे। तब उन्हें संतों की याद क्यों नहीं आई। उन्होनें कहा कि संतो के ऊपर भाजपा पर राजनीति कर रही है। लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा और वहां पर विकास के कार्य कराए जा रहे है और संतों की बात को सरकार ने माना है वहां से क्रेषर मषीनों को हटाया जा रहा है।

## कुर्सियों का आज तक नहीं हुआ भुगतान

**करौली,** (नि.स.) कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार हॉल में 6 वर्ष पूर्व जिला प्रशासन ने एक फर्म से लगवाई गई कुर्सियों का आज तक भुगतान नहीं नहीं करने पर फर्म मालिक ने संभागीय आयुक्त को शिकायत करने के बावजूद भी जिला प्रशासन व संभागीय आयुक्त ने फर्म का भुगतान करने की सुध नहीं ली है। आरआर फर्म के मालिक जीतेंद्र कुमार जिंदल ने संभागीय आयुक्त को जिला प्रशासन द्वारा 6 वर्ष पूर्व मंगवाई गई कुर्सियों का भुगतान आज तक नहीं करने की लिखित में शिकायत करते हुए खुलासा किया कि कलेक्ट्रेट के सभागार हॉल में कुर्सी लगाने का जिला प्रशासन के द्वारा आदेश मिला था। जिस आदेश के तहत वर्ष 2016 में कलेक्ट्रेट के सभागार हॉल में कुर्सियां लगाई गई लेकिन जिला प्रशासन ने आज तक भुगतान करने की सुध नहीं ली है। जबकि कई बार जिला प्रशासन से लिखित में भुगतान कराने की मांग कर चुके हैं फर्म मालिक ने बताया कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करौली दौरा के दौरान जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के सभागार हॉल में नई कुर्सियां लगवाई गई जो मेरी फर्म के द्वारा जिला प्रशासन के आदेश अनुसार लगाई गई लेकिन बार-बार भुगतान की मांग करने के उपरांत भी प्रशासन ने सुध नहीं ली है।

## सड़क हादसे में फौजी की मौत

**भरतपुर,** (निसं)। चिकसाना थाना क्षेत्र में धारापुर खुर्द के पास एक लोडिंग टैंपों और बाइक की भिडन्त में बाइक सवार फौजी की मौत हो गई। जिस पर चिकसाना थाना पुलिस ने मृतक के षव का पोस्टमार्टम कराकर षव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धारापुर खुर्द निवासी फौजी लेखराज 21 राजपूत रेजीमेंट में अरूणाचल प्रदेष के बड़ा रूपक में तैनात था और वह करीब 6 दिन पहले ही अवकाष पर अपने घर आया था। षुक्रवार को वह षहर में सामान लेने के लिए बाइक से आया था। तभी गांव के पास तेज गति से आ रहे लोडिंग टैंपों से उसकी बाइक की भिडन्त हो गई। जहां मौका पाकर टैंपों चालक भाग निकला लेकिन गांव के लोगों ने उसे पकड़ लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस षव को जिला अस्पताल लेकर पंहुची। जहां पुलिस ने मृतक के षव का पोस्टमार्टम कराकर षव परिजनों को सौंप दिया।

# दस बदमाशों पर धौलपुर एसपी ने इनाम घोषित किया

■ दो बदमाश प्रदेश की टॉप 5 की सूची में शामिल, जिले में इनामी बदमाशों की कुल संख्या 62 हुई

**धौलपुर,** (निसं)। शुक्रवार को धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने जिले के 10 बदमाशों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित कर दिया। धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा इनामी बदमाशों की सूची में 10 नए बदमाशों को जोड़ने के बाद जिले में इनामी बदमाशों की कुल संख्या 62 पहुंच गई है। जिनमें से दो डकैत राजस्थान के टॉप 5 बदमाशों की सूची में शामिल है।

एसपी सिंह ने बसई डांग थाना क्षेत्र के रहने वाले रामगोपाल पुत्र सुंदर गुर्जर पर 5 हजार रामराज पुत्र दामोदर निवासी बसई डांग पर एक हजार रूपए और सुरेंद्र पुत्र सोने राम निवासी बसई डांग पर एक हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इनके अलावा बसेड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले केशव सुपुत्र सोनेराम, धीरा पुत्र केदार, भूरी पुत्र केशव, बंटी पुत्र केदार, दशरथ पुत्र निर्भय, बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के भूमि पुत्र रामनाथ और भरतपुर के गढ़ी बाजना क्षेत्र के बदमाश समुद्र पुत्र निर्भय गुर्जर पर 500-500 रुपए के इनाम घोषित किए हैं। धौलपुर जिले के 10 नए इनामी बदमाशों में रामगोपाल पुत्र सुंदर गुर्जर पर करौली जिले से भी 3 हजार रुपए का इनाम घोषित है।

**धौलपुर के 2 बदमाश प्रदेश के टॉप फाइव में शामिल:** राजस्थान की टॉप 5 बदमाशों की सूची में धौलपुर के दो बदमाश शामिल हैं। जिनमें धौलपुर के डकैत केशव गुर्जर और उसके भाई शीशराम गुर्जर राजस्थान के टॉप 5 बदमाशों की सूची में चौथे और पांचवें नंबर पर शामिल है।

## आवारा गोवंश से किसान परेशान

**मासलपुर,** (निसं)। मासलपुर तहसील क्षेत्र में आवारा घूम रहा गोवंश एक और सड़कों पर राहगीरों के लिए वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है। झुंड का झुंड घूम रहा गोवंश किसानों की फसल तबाह करने में समय नहीं लगाता है। जिसे लेकर किसानों का दिन का आराम व रात की नींद हराम हो रही है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उन्हें

■ फसलों को चौपट कर रहा गौवंश

फसल बचाने के लिए रात दिन खेतों में रहना पड़ रहा है मगर मौका पाते ही आवारा गोवंश का झुंड फसल तबाह करने में नहीं चूक रहा है किसानों ने बताया कि पिछले कई वर्षो से उनके द्वारा शासन एवं प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से आवारा घूम रहे गोवंश को पकड़वा कर किसी गौशाला में भिजवाने की मांग की जा रही है लेकिन किसानों की हो रही फसल तबाही की और किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# दिव्यांग को पालिका अधिकारियों ने घर बैठे आवासीय पट्टा सौंपा

■ दिव्यांग पुरुषोत्तम लाल जांगिड़ को घर जाकर आवासीय घर का पट्टा सौंपा तो दिव्यांग पुरुषोत्तम का चेहरा खुशी से खिल उठा

**सपोटरा,** (नि.स.)। सपोटरा उपखंड मोड पर राज्य सरकार की विशेष पहल पर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शुरू किया गया प्रशासन शहरों के संग अभियान आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है।

प्रशासन शहरो के संघ अभियान के तहत अधिकारी भी पूरी निष्ठा से अभियान का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका सपोटरा के अधिकारियों ने दिव्यांग पुरुषोत्तम लाल जांगिड को घर जाकर आवासीय घर का पट्टा सौंपा तो दिव्यांग पुरुषोत्तम लाल जांगिड का चेहरा खुशी से खिल उठा।नगर पालिका सपोटरा अधिशासी अधिकारी शंभू लाल मीणा ने बताया कि राज्य सरकार की विशेष पहल के तहत समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने के लिए प्रशासन गावों के संग एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान चलाया हुआ है जिसके तहत सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकार द्वारा तय मापदंडों को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद पात्र लोगों को नगर पालिका सपोटरा द्वारा मात्र 501 रुपए में आवासीय पट्टे भी जारी किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार को कनिष्ठ अभियंता रामकिशोर मीणा,लिपिक ओमप्रकाश आर्य के साथ जाकर नगरपालिका सपोटरा क्षेत्र निवासी दिव्यांग पुरुषोत्तम लाल जांगिड़ पुत्र जगन्नाथ जांगिड़ को 69ए के तहत आवासीय घर का पट्टा सौंपा गया हैं।उन्होंने बताया कि नगर पालिका सपोटरा द्वारा लगाए जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान में अभी तक कुल 304 आवासीय पट्टे की पत्रावली जमा हुई है जिनमें 95 पत्रावली को जांच के बाद निरस्त किया गया है तथा अब तक 69ए के तहत 160 आवासीय पट्टे जारी किए जा चुके हैं बाकी पत्रावली जांच की प्रगति पर है।

## जलभराव से राहत दिलवायी

**भुसावर,** (निसं)। उपखण्ड भुसावर के गॉव अलीपुर के उच्च माध्यमिक विद्यालय के आम रास्ते में हो रहे अतिक्रमण एवं जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों से मिली शिकायत के बाद उपखण्ड अधिकारी ने तुरन्त संज्ञान लिया और जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण हटवाकर जलभराव की समस्या से निजात दिलवाया गया। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पर कार्यरत वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि ग्राम अलीपुर में ग्रामवासियों एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य की शिकायत पर रास्ते में हो रहे अतिक्रमण एवं जलभराव की समस्या को उपखण्ड अधिकारी हेमराज गुर्जर के संज्ञान में लाया गया। जिसके बाद एसडीएम गुर्जर ने तुरन्त संज्ञान लेते हुए तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, एईएन पीडब्ल्यूडी, अलीपुर पटवारी व गिरदावर को मौके पर भेजा। जहां उन्होने ग्रामीणो से समझाइश कर रास्ते में भरे पानी को जेसीबी की मदद से निकलवाया और मौके से अतिक्रमण को हटवाया।

# 'पांचना के पानी को लेकर लोगों में बढ़ रही वैमनस्यता, पानी रोकने वालों के विरुद्ध सख्ती हो'

■ मांड क्षेत्र के लोगों ने गंगापुर सिटी विधायक के नेतृत्व में करौली पहुंचकर पांचना का पानी नहरों में छोड़ने की मांग करते हुए विरोध करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने की बात कही

**करौली,** (नि.स.)। करौली के पांचना बांध के पानी को नहरो में छोड़ने को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब आपत्तियों का दौर शुरू हुआ है। गत दिन गुडला पांचना संघर्ष समिति ने आपत्ति दर्ज कराते हुए सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया तो वहीं अब मांड क्षेत्र के लोगों ने गंगापुर सिटी विधायक के नेतृत्व में करौली पहुंचकर पांचना का पानी नहरों में छोड़ने की मांग करते हुए विरोध करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने की बात कही है।

गंगापुर सिटी के विधायक रामकेश मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया, अब्दुल वहाब खान,फुलवाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच कैलाश, खण्डीप सरपंच किरोड़ी, मेडी सरपंच हरिलाल, बगलाई सरपंच अमर सिंह, रामपुर सरपंच देवी सिंह गुर्जर,श्यारौली सरपंच तेज सिंह,बड़ौदा सरपंच प्रेम सिंह,पूर्व सरपंच रामहेत,राजेंद्र नेता फूलवाड़ा,वजीरपुर सरपंच मुकेश बैरवा, मोहचा सरपंच भरत लाल, जीवली सरपंच पंखी लाल मीणा सहित 50 से अधिक लोगों ने करौली कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस को पांचना बांध के पानी को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश 8 जुलाई द्वारा पांचना बांध सिंचाई परियोजना से कमांड एरिया में पानी छोड़ने के आदेश जारी किए गए हैं। एवं कमांड/ अनकमांड क्षेत्र के किसानों से अपनी मांग एवं आपत्तियां जिला कलेक्टर के माध्यम से मांगी गई है इस संबंध में हमारी मांगे की पांचना बांध का पानी जो कि वर्ष 2006 से सरकार की घोर लापरवाही के कारण पानी रुका हुआ है वह तत्काल कमांड क्षेत्र के किसानों को उपलब्ध करवाया जाए साथ ही वर्ष 2006 से वर्ष 2022 तक बांध का पानी रोकने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए साथ ही कमांड क्षेत्र के प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए।

उन्होंने बताया कि पांचना बांध के पानी को लेकर लोगों में वैमनस्यता बढ़ रही है और टकराव की स्थिति है इसे रोका जाए उन्होंने कहा कि पांचना बांध का निर्माण क्षेत्र तहसील वजीरपुर, गंगापुर, बामनवास, नादौती, तालावड़ा आदि को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करवाने के लिए किया गया था परंतु राजनैतिक रुप से कमजोर पैरवी के कारण आज दिनांक तक इन क्षेत्रों को पेयजल एवं सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है। पांचना बांध की क्षमता मात्र 2150 एमसीएफटी है जिससे कमांड क्षेत्र की मात्र 10हजार हेक्टेयर जमीन ही सिंचित हो पाती है इन तहसील की शेष भूमि अनउपजाऊ एवं बंजर पड़ी हुई है। ऐसी स्थिति में चंबल से पानी लिफ्ट करके पांचना बांध में डाला जाए ताकि कमांड क्षेत्र और आसपास के लोगों को पेयजल एवं सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो सके जो लोग पिछले 16 वर्षों से बांध के पानी को रोके हुए हैं उनके विरुद्ध सरकार सख्त से सख्त कार्यवाही करें उन्होंने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि माढ़ क्षेत्र के जल संकट से उत्पन्न स्थिति एवं हमारी भावनाओं को सरकार तक पहुंचाया जाए क्षेत्र के लिए पूर्व में इंदिरा गांधी लिफ्ट योजना सृजित की गई थी किन्ही कारणों से वो योजना भी दफ्तर दाखिल हो चुकी है।

चंबल नादौती गंगापुर पेयजल योजना भी वर्ष 2005 से सरकार की उदासीनता के कारण अभी भी लंबित चल रही है जबकि संपूर्ण राजस्थान में उपरोक्त तहसीलों में सबसे ज्यादा पेयजल सिंचाई का संकट है अभी भी क्षेत्र के लोग केवल सतही जल पर ही निर्भर हैं एवं तालाबों का गंदा पानी पीने को मजबूर है केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल योजना के तहत पाइप लाइनें बिछा दी गई है परंतु पानी स्रोत का संकट बना हुआ है उन्होंने कहा कि तत्काल इस ओर सख्त कार्यवाही की जाए और उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना कर कमांड क्षेत्र और आसपास के लोगों को पेयजल एवं सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध करवाया जाए और इस आदेश में जो व्यक्ति अवरोध पैदा करने वाले हैं उनको चिन्हित कर सख्ती के साथ उन से निपटा जाए।

## तीन दिनों नहीं आ रहा पानी

**भरतपुर,** (निस)। चौमुखा महादेव और उसके आसपास के एरिया में पानी की सप्लाई अपने आप में समस्या बनी हुई है जिसका सामना इस इलाके की जनता लगातार कर रही है। पिछले 6-7 महीनों से गंदे बदबूदार पानी से त्रस्त जनता को राहत उस समय मिलती हुई प्रतीत हुई। जब 3 अगस्त को विभाग द्वारा इस एरिया की पाइप लाइन को बदला गया। परंतु स्वच्छ पानी की आस की उम्मीद लगाए लोगो को पिछले तीन दिनों से पानी की एक बूंद भी नसीब नही हो रही है। पूर्व पार्षद और भाजपा नेता शैलेष कौशिक ने बताया की इस संबंध में जब संबंधित सहायक अभियंता से बात की तो उन्होंने षुक्रवार को लाइन को मूल लाइन से जोड़ने की बात कही परंतु जब आज जब लाइन नहीं जोड़ी गई तो पुनः बात की तो पहले तो एईएन और बाद में ठेकेदार ने 2-3 बाद लाइन को जोड़ने के लिए कहा। जब उनसे कहा गया की सभी लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे है तो भी संबंधित द्वारा लाइन को जोड़ने हेतु कोई प्रयास नहीं किया गया। इस पर एक्सईएन से वार्ता की ओर पूर्व पार्षद शैलेष कौशिक ने एसईपीएचईडी को ज्ञापन दिया।

# छात्राओं की शिकायत पर केजीबीवी प्रभारी बदला

■ सोरन सिंह होंगे अब नए प्रभारी, छात्राओं ने व्यवस्थाओं को लेकर की थी शिकायत

**कुम्हेर,** (निस)। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं की शिकायत पर छात्रावास प्रभारी का चार्ज प्रभार एज्यूम कराकर स्वर्गीय रामजीलाल स्वर्णकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हेर के प्रधानाचार्य सोरन सिंह को चार्ज सौंपा गया।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह डागुर ने बताया कि गत दिनों पहले कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास की व्यवस्थाओं तथा अनियमितताओं को लेकर शिकायत की गई थी शिकायत पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भरतपुर के निर्देशन में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा 10 सदस्यों की जांच कमेटी बनाई गई जांच में कमेटी द्वारा बताया गया कि छात्रावास में काफी अनियमिताएं मिली तथा व्यवस्थाएं खराब पाई गई हैं।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह डांगुर ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के रिकॉर्ड में कमी होने के वजह से प्रधानाचार्य द्वारा चार्ज दिए जाने में समय मांगने एवं अस्वस्थता के कारण छुट्टी पर चले जाने की वजह से स्थानीय कार्यालय द्वारा चार्ज प्रभार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को हटाकर स्वर्गीय रामजीलाल स्वर्णकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हेर को चार्ज प्रभार एज्यूम करने के आदेश प्रदान किए गए थे। शुक्रवार को 10 सदस्य जांच समिति की देखरेख में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुम्हेर चार्ज प्रभार एज्यूम करा कर स्वर्गीय रामजीलाल स्वर्णकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सोहन सिंह को सौंपा गया।